# श्री शिव शंकर तीर्थ यात्रा
ऋषिकेश

1967 से आपकी सेवा मे तत्पर

## 2023 की आगामी यात्राऐं

CLICK HERE

CERTIFIED ISO 9001:2015 COMPANY




पंजीयन संख्या 24384 D
(1967 से आपकी सेवा मे तत्पर)

**व्यवस्थापकः लाला भगवान दास जी अग्रवाल**


233, बनखण्डी, रेलवे स्टेशन रोड, ऋषिकेश (दे.दून) उत्तराखण्ड - 249201

0135-2431668, 2431768, 2436468 9997846483

shivstyc@gmail.com www.tirthyatraindia.com

## रेल द्वारा तीर्थयात्रा के जनक लाला शिव चरण लाल जी की संस्था के बारे में




**संस्थापक : स्व0 लाला श्री शिवचरण लाल जी अग्रवाल**

श्री शिव शंकर तीर्थ यात्रा (रजि.) ऋषिकेश देशभर मे प्रशंसित, ISO 9001:2015 द्वारा प्रमाणित एवं ख्यातिप्राप्त सबसे पुरानी संस्था है, जिसकी स्थापना तीर्थयात्रा के गहन अनुभवी स्व. श्री लाला शिवचरण लाल जी अग्रवाल द्वारा सन् 1967 में की गयी थी। ''असल तो असल होते हैं चौव्वन (54) सालों से भी ज्यादा समय से हम लाला जी के सिद्धान्तो का पालन करते हुए उनकी मौलिक कार्यप्रणाली पर निर्भर होकर तीर्थ यात्रियों की सेवा समर्पण भावना से कर रहे हैं।''

हमारी यात्रा संस्था का नाम श्री शिव शंकर तीर्थ यात्रा (रजि.) ऋषिकेश है। हमारी संस्था की सफलता एवं लोकप्रियता को देखते हुए अन्य कई अनुभवहीन व्यक्तियों ने श्री के स्थान पर अन्य नाम-डिजाइन जोड़कर, शब्द जोड़कर अपना नाम रख लिया है जैसे- महादेव, माँ गंगे, ॐ, हरि ॐ, जय, हरि, उमा, भोले, भवानी आदि और वे मिलते-जुलते नामों से VIP यात्रा व ए. सी. कोच द्वारा यात्रा कराने के प्रलोभन देकर यात्रियों को भ्रमित करने का प्रयास करते रहते हैं, कृपया ऐसी अनुभवहीन कम्पनियों से उनके 20 वर्ष पुराने यात्रियों की सूची अथवा रिकार्ड माँगें व उनके पुराने यात्रियों से सम्पर्क करके सुविधा, व्यवस्था की जानकारी प्राप्त करेंगें तो आपको वास्तविकता ज्ञात हो जायेगी।

चूंकि हम यात्रियों को पूर्ण सुविधा प्रदान करते हैं, संतुष्ट रखते हैं अतः हमारी यात्रा का किराया अन्य कम्पनियों से थोड़ा अधिक रहता है, कृपया आप हमारे पुराने यात्रियों से सुविधा, व्यवस्था की जानकारी प्राप्त करें व सन्तुष्ट होने पर ही सीट बुक करायें।

हमारा उद्देश्यः- हमारी यात्रा संस्था का उद्देश्य बुजुर्ग यात्रियों को अधिक से अधिक सुविधा प्रदान करके सेवाभावना से यात्रा कराके धर्म कमाना है ना कि नकली यात्रा कराके व धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ करके पाप कमाना है। हमारी संस्था के द्वारा हम लाखों यात्रियों को सन्तोषजनक यात्रा करा चुके है। अतः हम आपको विश्वास दिलाते है कि भविष्य मे धार्मिक स्थानों को बढ़ावा देने के लिए अधिक से अधिक यात्राओं का संचालन करते हुए आपको अपनी सुव्यवस्थित सेवायें प्रदान करते रहेंगे।

## स्पेशल रेल कोच द्वारा यात्राएं

*सीट बुक करवाने से पहले ट्रेन यात्रा के नियम हेतु पेज नं. 18 व 19 अवश्य पढ़ें।*


| यात्रा विवरण | पेज नं. |
|---|---|
| तीन धाम, 11-ज्योतिर्लिंग, गंगासागर, नेपाल (33 दिन)<br>09 अप्रैल, 14 मई व 02 जुलाई 2023 | 4-5 |
| एक धाम रामेश्वरम, मल्लिकार्जुन, कन्याकुमारी (14 दिन)<br>20 मई 2023 | 06 |
| एक धाम द्वारिकापुरी व 7 ज्योतिर्लिंग यात्रा (12 दिन)<br>04 जून 2023 | 07 |
| एक धाम जगन्नाथपुरी, गंगासागर, वाराणसी, नेपाल यात्रा (15 दिन)<br>11 जून 2023 | 08 |
| तीन धाम, 8 ज्योतिर्लिंग यात्रा (20 दिन)<br>09 जुलाई 2023 | 09 |


## बस व छोटी गाडी द्वारा यात्राएं


| | |
|---|---|
| यमुनोत्री-गंगोत्री-केदार-बद्री चारधाम यात्रा (बस द्वारा) (12 दिन)<br>(25, 28 अप्रैल) (7, 10, 19, 22, 31 मई) (2, 12, 14, 24 जून) (10, 22 सितम्बर) व 03 अक्टूबर | 10-11 |
| ब्रज 84-कोस मथुरा-वृन्दावन-गोकुल-बरसाना (छोटी गाडी द्वारा) (10 दिन)<br>11 मार्च 2023 | 12 |
| राजस्थान भम्रण यात्रा (A/C बस द्वारा) (14 दिन)<br>25 मार्च 2023 | 13 |


## फ्लाइट द्वारा यात्राएं

*सीट बुक करवाने से पहले फ्लाइट यात्रा के नियम हेतु पेज नं. 17 अवश्य पढ़ें।*


| | |
|---|---|
| कामाख्या देवी, शिलोंग, चेरापूंजी, दार्जिलिंग (10 दिन)<br>13 मार्च 2023 | 14 |
| एक धाम रामेश्वरम, पांडिचेरी, महाबलीपुरम (13 दिन)<br>05 अप्रैल 2023 | 15 |
| नेपाल, पोखरा, जगन्नाथ पुरी व वाराणसी (16 दिन)<br>14 मार्च 2023 | 16 |

# स्पेशल तीर्थयात्रा रेलगाड़ी द्वारा तीन धाम, ग्यारह ज्योतिर्लिंग, नेपाल विदेश यात्रा



**यात्रा प्रारम्भः 09 अप्रैल, 14 मई व 02 जुलाई 2023 (श्रावण मास में)**

**यात्रा समयः 33 दिन**

| दिन | स्थान | दर्शनीय स्थल |
|---|---|---|
| पहला दिन | नई दिल्ली | नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से दोपहर 12 बजे शुभ प्रस्थान। |
| दूसरा दिन | ❑ उज्जैन (सप्तपुरी) | क्षिप्रा स्नान, महाकालेश्वर ज्योर्तिलिंग दर्शन, बड़ा गणेश मन्दिर, हरिसिद्धि मन्दिर, सन्तोषी माता मन्दिर। |
| तीसरा दिन | ❑ ओंकारेश्वर | ओंकारेश्वर महादेव ज्योर्तिलिंग दर्शन, नर्वदा नदी का स्नान। (यात्री बस द्वारा उज्जैन से ओंकारेश्वर जायेंगे)। |
| पांचवां दिन | ❑ द्वारिकापुरी धाम | गोमती गंगा स्नान, समुद्र स्नान, द्वारिकाधीश मन्दिर, रूक्मणी मन्दिर, नागेश्वर ज्योर्तिलिंग दर्शन, गोपी तालाब। |
| पांचवां दिन | ❑ भेटद्वारिका | (सप्तपुरी) भेंट द्वारिका, श्री कृष्ण महल। |
| छठा दिन | ❑ सोमनाथ | त्रिवेणी संगम स्नान, सोमनाथ महादेव ज्योर्तिलिंग दर्शन, परमधाम गमन, कामनाथ महादेव। |
| आठवां दिन | ❑ शनि शिंगनापुर | विश्वविख्यात शनिदेव जी का मन्दिर (पूना से बस द्वारा प्रस्थान)। |
| आठवां दिन | ❑ औरंगाबाद | घुश्मेश्वर महादेव ज्योर्तिलिंग दर्शन। |
| आठवां दिन | ❑ शिरडी | शिरडी साई बाबा के दर्शन (पूना से बस द्वारा प्रस्थान)। |
| नवां दिन | ❑ नासिक | गोदावरी गंगा स्नान, कालाराम मन्दिर, सीता गुफा, मारीच गुफा, त्र्यम्बकेश्वर महादेव ज्योर्तिलिंग (पूना से बस द्वारा प्रस्थान)। |
| दसवां दिन | ❑ भीमाशंकर | भीमाशंकर ज्योर्तिलिंग दर्शन (पूना से बस द्वारा प्रस्थान)। |
| ग्यारहवा दिन | ❑ तिरुपति बालाजी | तिरुपति बालाजी (तिरुमला मन्दिर पहाड़ी पर स्थित है।) बस द्वारा। (दर्शन के लिए यात्री अपने साथ में आधार कार्ड की मूल प्रति अवश्य साथ लावें।) |
| बारहवां दिन | चेन्नई | समयानुसार मार्केटिंग व भ्रमण। |
| तेरहवां दिन | रामेश्वरम् धाम | समुद्र स्नान, रामकुण्ड, सीताकुण्ड, राम झरोखा, 22 कुण्ड स्नान, रामेश्वरम् ज्योर्तिलिंग दर्शन। (स्टेशन से मन्दिर की दूरी 1 मील है।) |
| चौदहवां दिन | कन्याकुमारी | कन्याकुमारी मन्दिर दर्शन, सूर्य उदय या सूर्य अस्त दर्शन, हिन्द- बंगाल-अरब तीनों समुद्रों का संगम स्नान। (स्टेशन से मन्दिर की दूरी 1 मील है।) |
| पंद्रहवां दिन | ❑ मदुरई | मीनाक्षी देवी मन्दिर, सुन्देश्वर महादेव मन्दिर दर्शन। |

| | | |
|---|---|---|
| सत्रहवां दिन | ❑ मल्लिकार्जुन | मल्लिकार्जुन ज्योर्तिलिंग दर्शन (बस द्वारा विजयवाड़ा से प्रस्थान) |
| उन्नीसवां दिन | जगन्नाथ पुरी धाम | जगन्नाथ मन्दिर, सिंहद्वार, अश्वद्वार, सागर स्नान। (मन्दिर की दूरी स्टेशन से 1 मील।) |
| बीसवां दिन | ❑ गंगासागर | गंगा सागर महातीर्थ स्नान, कपिलदेव भगवान के दर्शन (कोलकाता से बस द्वारा गंगासागर प्रस्थान)। |
| इक्कीसवां दिन | ❑ कोलकाता | गंगा स्नान, काली देवी मन्दिर, हावड़ा ब्रिज, विक्टोरिया मेमोरियल। |
| बाईसवां दिन से पच्चीसवां दिन | ❑ नेपाल (काठमाण्डू) | यात्री बाईसवें दिन बस द्वारा रक्सौल से चलकर देर रात्रि में काठमाण्डू पहुंचेगें। (रात्रि विश्राम काठमाण्डू में) चौबीसवे दिन दोपहर भोजन बाद पशुपतिनाथ दर्शन, बागमति गंगा, स्वयंभू, बूढ़ा नीलकण्ठ आदि दर्शन करते हुए काण्ठमाडू से रक्सोल के लिए प्रस्थान। |
| छब्बीसवां दिन | ❑ बैजनाथ धाम | बाबा बैजनाथ धाम ज्योर्तिलिंग दर्शन। (आसनसोल से दूसरी रेल द्वारा) |
| अठाइसवां दिन | गयाजी | फल्गू स्नान, विष्णुपद, पिण्डदान भूमि में पिण्ड प्रदान। |
| उन्नतिसवां दिन | ❑ वाराणसी (सप्तपुरी) | गंगास्नान, काशी विश्वनाथ ज्योर्तिलिंग दर्शन, अन्नपूर्णा मन्दिर, तुलसी मानस मन्दिर दर्शन। |
| तीसवां दिन | ❑ इलाहाबाद | त्रिवेणी संगम स्नान, अक्षयवट, पुराना किला, हनुमान मन्दिर (वाराणसी से बस द्वारा) |
| इक्कतीसवां दिन | ❑ अयोध्या (सप्तपुरी) | सरयू स्नान, रामजन्म भूमि, हनुमानगढ़ी, कनक भवन, सीता रसोई, मनीराम छावनी। |
| बत्तीसवां दिन | हरिद्वार (सप्तपुरी) | हरिद्वार में गंगा स्नान। |
| तेंतिसवां दिन | दिल्ली | दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मधुर स्मृतियों के साथ यात्रा का समापन। |

यात्रा का किराया :- भोजन, चाय, नाश्ता, स्टीमर, रेलगाड़ी व घूमने के लिए बस, होटल (नेपाल में) सहित थ्री टायर स्लीपर क्लास कोच किराया मिडिल व अपर सीट **₹46,000/-** एवं लोवर सीट **₹47,000/-** प्रति सवारी होगा। अग्रिम बुकिंग हेतु **₹2,001/-** प्रति यात्री नगद अथवा ऑनलाइन 'श्री शिव शंकर तीर्थ यात्रा' ऋषिकेश के **S.B.I** बैंक खाते में या हमारी किसी भी अधिकृत बुकिंग एजेन्सी पर जमा करवा दें। शेष धनराशि यात्रा प्रारंभ के दिन गाड़ी में बैठने पर ली जायेगी। कृपया किताब में दिए गए रेल यात्रा के नियम (पेज न0 18 और 19) को ध्यान पूर्वक पढ़ कर ही सीट बुक कराये।

यदि कोई यात्री हवाई जहाज द्वारा नेपाल बार्डर से काठमाण्डु के वास्ते आना अथवा जाना चाहेगा तो (एक तरफ का प्रति यात्री) **₹3,100/-** किराया अतिरिक्त देकर काठमाण्डु के वास्ते जा अथवा आ सकता है। हवाई जहाज की सुविधा उड़ान की स्थिति पर निर्भर करेगी।

बद्रीनाथ धाम, केदारनाथ ज्योर्तिलिंग, गंगोत्री, यमुनोत्री यह अतिरिक्त यात्रा हरिद्वार से हरिद्वार 10 दिवस की होगी। जो यात्री इस यात्रा को करना चाहते हैं उन्हें किराया **₹22,000/-** अतिरिक्त देना होगा। सभी सुविधाएं यथावत रहेंगी। कोच खाली करके यात्रियों का सामान समिति की निगरानी में धर्मशाला में रखा जायेगा। वापसी में यथा स्थान पहुंचाने की व्यवस्था रिजर्वेशन द्वारा समिति की रहेगी। यह किराया उपरोक्त यात्रा को निरन्तर करने पर ही मान्य होगी।

यात्री 09 अप्रैल, 14 मई व 02 जुलाई 2023 को प्रातः 07 बजे से प्रातः 11 बजे तक नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पहुचना हैं। दोपहर 12 बजे यात्रा ट्रेन नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से उज्जैन के लिये प्रस्थान करेगी।

# स्पेशल रेलगाड़ी द्वारा एक धाम रामेश्वरम्, त्रिवेन्द्रम, गोवा, मल्लिकार्जुन

## यात्रा प्रारम्भः 20 मई 2023

## यात्रा समयः 14 दिन




| दिन | स्थान | दर्शनीय स्थल |
|---|---|---|
| पहला दिन | नई दिल्ली | नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से दोपहर 12 बजे शुभ प्रस्थान। |
| तीसरा दिन | ❑ मल्लिकार्जुन | मल्लिकार्जुन ज्योर्तिलिंग दर्शन। (बस द्वारा विजयवाड़ा से प्रस्थान)। |
| चौथा दिन | ❑ तिरुपति बालाजी | तिरुपति बाला जी (तिरुमला मन्दिर पहाड़ी पर स्थित है।) रेणिगुन्टा से बस द्वारा। (दर्शन के लिए आधार कार्ड साथ लायें।) |
| छठवां दिन | ❑ कांचीपुरम | शिवाकांची, विष्णुकांची दर्शन (सप्तपुरी)। |
| सातवां दिन | ❑ मदुरई | मीनाक्षी देवी मन्दिर, सुन्देरेश्वर महादेव दर्शन। |
| आठवां दिन | रामेश्वरम् धाम | समुद्र स्नान, रामकुण्ड, सीताकुण्ड, राम झरोखा मन्दिर दर्शन, 22 कुण्ड स्नान, रामेश्वरम् ज्योर्तिलिंग दर्शन। (स्टेशन से दूरी 1 मील है।) |
| नवां दिन | कन्याकुमारी | कन्याकुमारी मन्दिर दर्शन, सूर्य उदय अथवा सूर्य अस्त के दर्शन, हिन्द बंगाल, अरब तीनों समुद्रों का संगम स्नान, विवेकानन्द स्मारक। (स्टेशन से दूरी 1 मील है।) |
| दसवां दिन | ❑ त्रिवेन्द्रम | कोवलम बीच, म्यूज्यिम, तिरूवनन्तपुरम चिड़ियाघर, पद्मनाभम् मन्दिर (विश्व प्रसिद्ध एतिहासिक एवं धनाढ्य मन्दिर) |
| बारहवां दिन | ❑ गोवा | सी कैथेड्रूल चर्च, वाम जीसस चर्च, दौना पाउला बीच, कोलबा बीच, शान्ता दुर्गा मन्दिर, मंगेश मन्दिर, एन्सैस्ट्रूल गोवा। |
| चौदहवां दिन | दिल्ली | ह0 निजामुद्दीन पर मधुर स्मृतियों के साथ यात्रा का समापन। |

यात्रा किराया :- भोजन, चाय, नाश्ता, बस, स्टीमर सहित थ्री टायर स्लीपर क्लास कोच का किराया ₹23,000/- प्रति सवारी होगा। अग्रिम बुकिंग हेतु ₹1,001/- प्रति यात्री नगद अथवा ऑनलाइन 'श्री शिव शंकर तीर्थ यात्रा' ऋषिकेश के S.B.I बैंक खाते में या हमारी किसी भी अधिकृत बुकिंग एजेन्सी पर जमा करवा दें। शेष धनराशि यात्रा प्रारंभ के समय गाड़ी में बैठने पर ली जायेगी। कृपया किताब में दिए गए रेल यात्रा के नियम (पेज न0 18 और 19) को ध्यान पूर्वक पढ़ कर ही सीट बुक कराये।

# स्पेशल रेलगाड़ी द्वारा एकधाम द्वारिकापुरी धाम, व सप्त ज्योर्तिलिंग

## यात्रा प्रारम्भः 04 जून 2023

### यात्रा समयः 12 दिन



| दिन | स्थान | दर्शनीय स्थल |
|---|---|---|
| पहला दिन | नई दिल्ली | नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से दोपहर 12 बजे शुभ प्रस्थान। |
| दूसरा दिन | ❑ उज्जैन (सप्तपुरी) | क्षिप्रा स्नान, महाकालेश्वर ज्योर्तिलिंग दर्शन, बड़ा गणेश मन्दिर, हरिसिद्धि मन्दिर, सन्तोषी माता मन्दिर। |
| तीसरा दिन | ❑ ओंकारेश्वर | ओंकारेश्वर महादेव ज्योर्तिलिंग दर्शन, नर्वदा नदी का स्नान। (यात्री बस द्वारा उज्जैन से ओंकारेश्वर जायेंगे)। |
| चौथा दिन | ❑ अहमदाबाद | स्टैच्यू ऑफ यूनिटी विश्व की सबसे ऊँची सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा के दर्शन। (अहमदाबाद से बस द्वारा प्रस्थान।) |
| पांचवां दिन | ❑ सोमनाथ | त्रिवेणी संगम स्नान, सोमनाथ महादेव ज्योर्तिलिंग दर्शन, परमधाम गमन, कामनाथ महादेव। |
| छठवां दिन | ❑ द्वारिकापुरी धाम | गोमती गंगा स्नान, समुद्र स्नान, द्वारिकाधीश मन्दिर, रूक्मणी मन्दिर, नागेश्वर ज्योर्तिलिंग दर्शन, गोपी तालाब। |
| छठवां दिन | ❑ भेटद्वारिका | भेंट द्वारिका (सप्तपुरी), श्री कृष्ण-सुदामा महल। |
| आठवां दिन | ❑ भीमाशंकर | भीमाशंकर ज्योर्तिलिंग दर्शन (पूना या मनमाड से बस द्वारा प्रस्थान।) |
| नवां दिन | ❑ नासिक | गोदावरी गंगा स्नान, कालाराम मन्दिर, सीता गुफा, मारीच गुफा, त्र्यम्बकेश्वर महादेव ज्योर्तिलिंग दर्शन (मनमाड से बस द्वारा प्रस्थान।) |
| नवां दिन | ❑ शिरडी | शिरड़ी के सांई बाबा के दर्शन (मनमाड से बस द्वारा प्रस्थान)। |
| दसवां दिन | ❑ शनि सिग्नापुर | विश्वविख्यात शनिदेव जी का विशाल प्राचीन मन्दिर (यहाँ पर आज भी दुकानों व घरों पर चौखट दरवाजे नहीं है) (मनमाड से बस द्वारा प्रस्थान)। |
| दसवां दिन | ❑ औरंगाबाद | घुश्मेश्वर महादेव ज्योर्तिलिंग दर्शन। (मनमाड से बस द्वारा प्रस्थान।) |
| बारहवां दिन | दिल्ली | मधुर स्मृतियों के साथ यात्रा समापन। |

यात्रा किराया :- भोजन, चाय, नाश्ता, बस, स्टीमर सहित थ्री टायर स्लीपर क्लास कोच का किराया ₹**22,000**/- प्रति सवारी होगा। अग्रिम बुकिंग हेतु ₹**1,001**/- प्रति यात्री नगद अथवा ऑनलाइन 'श्री शिव शंकर तीर्थ यात्रा' ऋषिकेश के **S.B.I** बैंक खाते में या हमारी किसी भी अधिकृत बुकिंग एजेन्सी पर जमा करवा दें। शेष धनराशि यात्रा प्रारंभ के समय गाड़ी में बैठने पर ली जायेगी। कृपया किताब में दिए गए रेल यात्रा के नियम (पेज न0 18 और 19) को ध्यान पूर्वक पढ़ कर ही सीट बुक कराये।

# स्पेशल रेलगाड़ी द्वारा जगन्नाथपुरी, गंगासागर, नेपाल, अयोध्या, वाराणसी यात्रा



## यात्रा प्रारम्भः 11 जून 2023

## यात्रा समयः 15 दिन

| दिन | स्थान | दर्शनीय स्थल |
|---|---|---|
| पहला दिन | दिल्ली | पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से दोपहर 4 बजे शुभ प्रस्थान। |
| दूसरा दिन | ❑ अयोध्या | सरयू स्नान, रामजन्म भूमि, हनुमानगढ़ी, कनक भवन, सीता रसोई, मनीराम छावनी। |
| तीसरा दिन | ❑ नेपाल (काठमाण्डू) | यात्री तीसरे दिन बस द्वारा अयोध्या से सोनौली बॉर्डर होते हुए देर रात्रि में काठमाण्डू पहुंचेगें (रात्रि विश्राम काठमाण्डू में)। पांचवें दिन पशुपतिनाथ, बागमति गंगा दर्शन, स्वयंभू, बूढ़ा नीलकण्ठ दर्शन करते हुए काण्ठमाडू से अयोध्या के लिए प्रस्थान करेंगे। |
| सातवां दिन | ❑ इलाहाबाद | त्रिवेणी संगम स्नान, अक्षयवट, पुराना किला, हनुमान मन्दिर (वाराणसी से बस द्वारा) |
| आठवां दिन | ❑ वाराणसी | गंगास्नान, <u>काशी विश्वनाथ ज्योर्तिलिंग दर्शन</u>, अन्नपूर्णा मन्दिर, तुलसी मानस मन्दिर दर्शन। |
| नवां दिन | ❑ गयाजी | फल्गू स्नान, विष्णुपद, पिण्डदान भूमि में पिण्ड प्रदान। |
| दसवां दिन | ❑ गंगासागर | गंगा सागर महातीर्थ स्नान, कपिलदेव भगवान के दर्शन (कोलकाता से बस द्वारा गंगासागर प्रस्थान)। |
| ग्यारहवां दिन | ❑ कोलकाता | गंगा स्नान, काली देवी मन्दिर, हावड़ा ब्रिज, विक्टोरिया मेमोरियल। |
| बारहवां दिन | <u>जगन्नाथपुरी धाम</u> | जगन्नाथ मन्दिर, सिंहद्वार, अश्वद्वार, सागर स्नान। (मन्दिर की दूरी स्टेशन से केवल एक मील।) |
| तेरहवां दिन | ❑ कोणार्क | सुप्रसिद्ध सूर्य मन्दिर के दर्शन (पुरी से बस द्वारा प्रस्थान)। |
| तेरहवां दिन | ❑ भुवनेश्वर | महालिंगराज मन्दिर दर्शन (पूरी से बस द्वारा प्रस्थान)। |
| पंद्रहवां दिन | दिल्ली | दोपहर बाद मधुर स्मृतियों के साथ यात्रा समापन। |

<u>यात्रा किराया</u> :- भोजन, चाय, नाश्ता, होटल/गेस्ट हाउस (नेपाल में), बस, स्टीमर सहित थ्री टायर स्लीपर क्लास कोच का किराया ₹**24,000/-** प्रति सवारी होगा। अग्रिम बुकिंग हेतु ₹**1,001/-** प्रति यात्री नगद अथवा ऑनलाइन 'श्री शिव शंकर तीर्थ यात्रा' ऋषिकेश के **S.B.I** बैंक खाते में या हमारी किसी भी अधिकृत बुकिंग एजेन्सी पर जमा करवा दें। शेष धनराशि गाड़ी में बैठने के बाद ली जायेगी। *<u>हवाई जहाज द्वारा</u>* नेपाल बार्डर से काठमाण्डु आना या जाना चाहेंगे तो ₹**3,500/-** (प्रति यात्री एक तरफ का) अलग देकर जा या आ सकते है। कृपया किताब में दिए गए रेल यात्रा के नियम (पेज न0 18 और 19) को ध्यान पूर्वक पढ़कर ही सीट बुक कराये।

# स्पेशल तीर्थयात्रा रेलगाड़ी द्वारा
# तीन धाम, आठ ज्योतिर्लिंग यात्रा

## यात्रा प्रारम्भ: 09 जुलाई 2023

## यात्रा समय: 20 दिन



| दिन | स्थान | दर्शनीय स्थल |
|---|---|---|
| पहला दिन | नई दिल्ली | नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से दोपहर 12 बजे शुभ प्रस्थान। |
| तीसरा दिन | ❑ द्वारिकापुरी धाम | गोमती गंगा स्नान, समुद्र स्नान, द्वारिकाधीश मन्दिर, रूक्मणी मन्दिर, नागेश्वर ज्योर्तिलिंग दर्शन, गोपी तालाब। |
| तीसरा दिन | ❑ भेटद्वारिका | (सप्तपुरी) भेंट द्वारिका, श्री कृष्ण महल। |
| चौथा दिन | ❑ सोमनाथ | त्रिवेणी संगम स्नान, सोमनाथ महादेव ज्योर्तिलिंग दर्शन, परमधाम गमन, कामनाथ महादेव। |
| छठा दिन | ❑ भीमाशंकर | भीमाशंकर ज्योर्तिलिंग दर्शन (पूना से बस द्वारा प्रस्थान)। |
| सातवां दिन | ❑ नासिक | गोदावरी गंगा स्नान, कालाराम मन्दिर, सीता गुफा, मारीच गुफा। |
| सातवां दिन | ❑ त्र्यम्बकेश्वर | त्र्यम्बकेश्वर महादेव ज्योर्तिलिंग (मनमाड से बस द्वारा प्रस्थान)। |
| सातवां दिन | ❑ शिरडी | शिरडी साई बाबा के दर्शन। |
| आठवां दिन | ❑ शनि शिंगनापुर | विश्व विख्यात शनिदेव जी का मन्दिर (मनमाड से बस द्वारा प्रस्थान)। |
| आठवां दिन | ❑ औरंगाबाद | घुश्मेश्वर महादेव ज्योर्तिलिंग दर्शन। |
| नवां दिन | ❑ परली | परली बैजनाथ ज्योर्तिलिंग दर्शन। |
| दसवां दिन | ❑ मल्लिकार्जुन | मल्लिकार्जुन ज्योर्तिलिंग दर्शन (बस द्वारा हैदराबाद से प्रस्थान)। |
| बारहवां दिन | ❑ तिरुपति बालाजी | तिरुपति बालाजी (तिरुमला मन्दिर पहाड़ी पर स्थित है।) बस द्वारा। |
| तेरहवां दिन | ❑ कांचीपुरम | शिवाकांची, विष्णुकांची दर्शन (सप्तपुरी)। |
| चौदहवां दिन | ❑ मदुरई | मीनाक्षी देवी मन्दिर, सुन्देरश्वर महादेव मन्दिर दर्शन। |
| चौदहवां दिन | ❑ रामेश्वरम् धाम | समुद्र स्नान, रामकुण्ड, सीताकुण्ड, राम झरोखा, 22 कुण्ड स्नान, रामेश्वरम् ज्योर्तिलिंग दर्शन। |
| पंद्रहवां दिन | ❑ कन्याकुमारी | कन्याकुमारी मन्दिर दर्शन, सूर्य उदय या सूर्य अस्त दर्शन, हिन्द-बंगाल-अरब तीनों समुद्रों का संगम स्नान। |
| सोलहवां दिन | चेन्नई | समयानुसार मार्केटिंग व भ्रमण। |
| अठारवां दिन | जगन्नाथपुरी धाम | जगन्नाथ मन्दिर, सिंहद्वार, अश्वद्वार, सागर स्नान। |
| बीसवां दिन | निजामुद्दीन | निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन (दिल्ली) पर यात्रा का समापन। |

**यात्रा किराया :-** भोजन, चाय, नाश्ता, स्टीमर, रेलगाड़ी व घूमने के लिए बस सहित थ्री टायर स्लीपर क्लास कोच किराया अपर सीट व मिडिल ₹33,000/- एवं लोवर सीट ₹34,000/- प्रति सवारी होगा। अग्रिम बुकिंग हेतु ₹2,001/- प्रति यात्री नगद अथवा ऑनलाइन 'श्री शिव शंकर तीर्थ यात्रा' ऋषिकेश के S.B.I बैंक खाते में या हमारी किसी भी अधिकृत बुकिंग एजेन्सी पर जमा करवा दें। शेष धनराशि यात्रा प्रारंभ के समय गाड़ी में बैठने पर ली जायेगी। कृपया किताब में दिए गए रेल यात्रा के नियम (पेज न० 18 और 19) को ध्यान पूर्वक पढ़कर ही सीट बुक कराये।

# उत्तराखण्ड चार-धाम यात्रा



## हरिद्वार आगमन (2023)

25 अप्रैल, 28 अप्रैल

7 मई, 10 मई, 19 मई, 22 मई, 31 मई

2 जून, 12 जून, 14 जून, 24 जून

10 सितम्बर, 22 सितम्बर व 3 अक्टूबर

**यात्रा समय: 12 दिन**



**2x2 पुशबैक बस द्वारा**

| दिन | यात्रा कार्यक्रम |
|---|---|
| पहला दिन | हरिद्वार शुभ आगमन व गंगा स्नान, पावन धाम, वैष्णोदेवी, भारत माता मन्दिर दर्शन (रात्रि विश्राम महाजन भवन, दूधाधारी चौक, माहेश्वरी सदन के पीछे गली में, हरिद्वार) |
| दूसरा दिन | हरिद्वार से प्रातः 6 बजे यमुनोत्री हेतु प्रस्थान (रात्रि विश्राम स्यानाचट्टी) |
| तीसरा दिन | प्रातः जानकीचट्टी तक बस द्वारा व जानकीचट्टी से यमुनोत्री तक 7 किलोमीटर पैदल यात्रा, यमुनोत्री स्नान एवं दर्शन (ब्रेकफास्ट व लंच पैकिंग में) (रात्रि विश्राम स्यानाचट्टी) |
| चौथा दिन | दोपहर भोजन के पश्चात उत्तरकाशी के लिए रवाना (रात्रि विश्राम उत्तरकाशी) |
| पांचवा दिन | प्रातः उत्तरकाशी से बस द्वारा गंगोत्री रवाना, गंगा स्नान, काशी विश्वनाथ दर्शन व वापसी रात्रि विश्राम उत्तरकाशी (ब्रेकफास्ट व लंच रास्ते में) |
| छठा दिन | चाय नाश्ता के पश्चात उत्तरकाशी से केदारनाथ हेतु रवाना । (रात्रि विश्राम रामपुर) |
| सातवां दिन | प्रातः सीतापुर/सोनप्रयाग तक बस द्वारा, सोनप्रयाग से गौरीकुण्ड जीप द्वारा स्वयं, गौरीकुण्ड से केदारनाथ के लिए परिस्थिति अनुकूल पैदल, घोड़ा व पालकी यात्रा स्वयं, रात्रि विश्राम कैंप (टेंट में) (लंच पैकिंग में, रात्रि भोजन केदारनाथ में) |
| आठवां दिन | प्रातः केदारनाथ ज्योतिर्लिंग दर्शन नाश्तोपरान्त वापसी (दोपहर भोजन सुविधानुसार) |
| नवां दिन | चाय नाश्ता के पश्चात बद्रीनाथ रवाना (लंच सुविधानुसार, रात्रि विश्राम बद्रीनाथ) |
| दसवाँ दिन | प्रातः गर्म कुंड स्नान व बद्रीनाथ भगवान के दर्शन, पिंडदान एवं दोपहर भोजन के पश्चात रवाना (रात्रि विश्राम पीपलकोटी) |
| ग्यारहवां दिन | प्रातः 6:00 बजे चाय-नाश्ता के पश्चात पीपलकोटी से हरिद्वार रवाना (ऋषिकेश दर्शन करते हुए रात्रि विश्राम हरिद्वार में) |
| बारहवां दिन | दोपहर भोजन के बाद मधुर स्मृतियों के साथ यात्रा संपूर्ण। |

*<u>यात्रा का किराया</u>*- चाय, नाश्ता, भोजन, गेस्ट हाउस, 2x2 बस के किराये सहित ₹**23,000/-** प्रति यात्री होगा। यात्रा बुकिंग हेतु अग्रिम धनराशि ₹**1,001/-** प्रति यात्री नगद अथवा ऑनलाइन 'श्री शिव शंकर तीर्थ यात्रा' ऋषिकेश के **S.B.I** बैंक खाते में या हमारी किसी भी अधिकृत बुकिंग एजेन्सी पर भिजवा दें। रूपया प्राप्त होते ही रसीद भेज दी जायेगी। बकाया किराया हरिद्वार पहुंचने पर (यात्रा प्रारम्भ से पूर्व) लिया जायेगा। हमारी यात्रा महाजन भवन, हरिद्वार से शुरु होकर वापसी में महाजन भवन, हरिद्वार में सम्पन्न होगी ।

*<u>भोजन एवं चाय, नाश्ता सुविधा</u>*- यात्रियों के लिए यात्राकाल में सुबह की चाय, नाश्ता, दोपहर व रात्रि भोजन में एक दाल, एक सब्जी, चावल, रोटी का पूरा प्रबन्ध होगा। शाम को चाय दी जायेगी। दाल-चावल, रोटी में देशी घी का प्रयोग होगा। सब्जी व नाश्ते में रिफान्इड तेल का प्रयोग होगा। चावल देहरादूनी बासमती बनाया जायेगा। समय की उपलब्धता के आधार पर यात्रियों को पापड़ व अचार भी भोजन के साथ दिया जायेगा। प्याज-लहसुन का प्रयोग पूर्णतः वर्जित होगा। भोजन शुद्ध शाकाहारी सात्विक बनाया जायेगा। यात्रा के दौरान तवा चपाती बनायी जायेगी व समय की उपलब्धता के अनुसार पूड़ी, पराठें व खिचड़ी भी बनायी जायेगी तथा पैदल यात्रा (यमनोत्री-केदारनाथ) में नाश्ता व लंच (पैकेट) दिया जाएगा।

*<u>आवश्यक सामान</u>*- कृपया प्रत्येक यात्री 1 गिलास,1 चम्मच, गरम शॉल, चादर (बैडशीट) ,गरम कपड़े, रेनकोट, टार्च, मोमबत्ती, कपड़े सुखाने की रस्सी, पानी की बोतल, ताला-चाबी, नियमित दवाईयां (जो रोजाना आप लेते हैं) आदि सामान अवश्य अपने साथ लावें। भोजन हेतु डिस्पोजल/बर्तनों की व्यवस्था संस्था करेगी। यात्री अपने साथ ओरिजनल पहचान पत्र अवश्य लाये।

*<u>शयन सुविधा</u>*- रात्रि विश्राम के लिए गेस्ट हाउस का प्रबन्ध समस्त यात्रियों के लिए सामूहिक रूप से चार/पांच बैड के अटैच लैट-बाथरूम कमरों में किया जाएगा व प्रत्येक यात्री के लिए सिंगल पलंग व बिस्तर का प्रबन्ध संस्था द्वारा किया जायेगा। पर्वतीय क्षेत्र में सीमित व्यवस्थाओं के कारण द्वितीय व तृतीय मंजिल पर ठहराने की व्यवस्था हो सकती है। आपका सहयोग अपेक्षित है।

विशेष नोट : पूर्व में आई आपदा के कारण केदारनाथ में उपलब्ध सीमित साधनों के आधार पर ही व्यवस्था (ठहरने व भोजन की) हो पायेगी। उत्तराखण्ड सरकार द्वारा की गयी व्यवस्था व बनाये गये नियमों के तहत ही यह यात्रा करवायी जायेगी। आपसे प्रार्थना है कि अपना आशीर्वाद और सहयोग प्रदान कर अपनी यात्रा को सुखद और सफल बनायें।

## <u>यात्रियों को निम्नलिखित नियमों का पालन करना अनिवार्य है।</u>

1. यह यात्रा पर्वतीय क्षेत्र की है। अतः यात्रा के दौरान परिस्थितियों की वजह से कार्यक्रम के समय व मार्ग में परिवर्तन आ सकता है। संस्था के कार्यकर्ता यात्रियों को अधिक से अधिक सुविधा देगें फिर भी पर्वतीय क्षेत्र होने की वजह से असुविधा होना स्वभाविक है अतः उस समय तपस्या की भावना से उसे सहन करें व मैनेजर को पूर्ण सहयोग प्रदान करें।
2. संक्रामक रोगी, अनुचित व्यवहार करने वाले व अस्वस्थ यात्री को यात्रा से पृथक करने का पूर्ण अधिकार मैनेजर के पास रहेगा व समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र ऋषिकेश रहेगा।
3. यात्रा के दौरान यात्रियों की देखभाल व घुमाने के वास्ते संस्था के कार्यकर्ता साथ रहेगें फिर भी आर्थिक, शारीरिक क्षति व प्राकृतिक आपदा के लिए यात्री स्वयं जिम्मेदार होगें।
4. यमुनोत्री में एक तरफ से 7 किलोमीटर पैदल की यात्रा है एवं केदारनाथ में 17 किलोमीटर की पैदल यात्रा है। यात्री अपने स्वयं के खर्च पर घोड़ा, पालकी एवं हेलीकॉप्टर की व्यवस्था कर सकते हैं।
5. यात्री अपनी बुकिंग सम सख्यां के अनुसार जैसे 2, 4, 6 के हिसाब से करवाने का प्रयास करें, ताकि 2x2 बसों में बैठने एवं कमरों में ठहरने मे कोई असुविधा ना हो।
6. यदि कोई यात्री किसी भी कारणवश या अस्वस्थ होने की वजह से यात्रा अधूरी छोड़ेगा तो उसको यात्रा का जमा किराया वापस नहीं लौटाया जायेगा।

*बस में सबसे पीछे की 5 सीट नॉन पुश बैक होती है, उसमें यात्री सहयोग बनायें। सीटिंग व्यवस्था लॉटरी सिस्टम से रहेगी।*

# ब्रज चौरासी कोस, मथुरा, वृन्दावन, नन्दगाँव, बरसाना, गोवर्धन यात्रा



**यात्रा प्रारम्भः 11 मार्च 2023**

**यात्रा समयः 10 दिन (छोटी गाड़ी, सूमो व इको द्वारा)**

| | |
|---|---|
| पहला दिन | श्री धाम वृन्दावन में आपका आगमन एवं रात्रि विश्राम वृन्दावन में। |
| दूसरा दिन | यमुना स्नान, यमुना पूजन, सात धारा गोपेश्वर, निधि वन, रंगनाथ मन्दिर, प्रातः से दोपहर तक (दोपहर का भोजन धर्मशाला में), सायंकाल के समय मानसरोवर, भांडेर वन राधा रानी की विवाह स्थली, बेल वन, माटवन, नरसिंह मन्दिर, गोरे दाऊजी। |
| तीसरा दिन | प्रातः जमुना स्नान विश्राम घाट (मथुरा) द्वारकाधीश मन्दिर, कृष्ण जन्म स्थली, जेल कारावास, बिडला मन्दिर, ध्रुव टीला महोली, तपोवन गायत्री मन्दिर (दोपहर का भोजन धर्मशालों) सायंकाल जयपुर मन्दिर, कांच मन्दिर, जमाई ठाकुर, सीताराम मन्दिर। |
| चौथा दिन | प्रातः लोहवन, रावल दाऊजी, राधा रानी का जन्म स्थान, चिन्ताहरण महादेव, ब्रह्माण घाट, रमनरेती, गोकुल चौरासी खम्बा, पूतना वध, चन्द्रावली, पागल बाबा मन्दिर, अक्रूर घाट, वात्सल्य ग्राम (दोपहर का भोजन लन्च पैक)। |
| पांचवा दिन | (गोर्वधन परिक्रमा) यात्रा, राधाकुण्ड, श्यामकुण्ड, कुसुम सरोवर, मानसी गंगा, दान घाटी, गोविन्द कुण्ड, पूछरी का लोठा, मुखारबिन्द, चकलेश्वर, जतीपुरा, उद्धव कुण्ड, राधारानी की ननिहाल मुखराई, ललिताकुण्ड (दोपहर का भोजन धर्मशाला) सायंकाल बांके बिहारी, कालीदह, मदनमोहन मन्दिर। |
| छठा दिन | चार धाम मन्दिर, डीग जल महल, लक्ष्मण मंदिर, आदि बद्रीनाथ, चरण पहाड़ी, विमल कुण्ड, कामेश्वर महादेव (दोपहर भोजन लन्च पैक) सायंकाल प्रेम मन्दिर। |
| सातवांदिन | प्रातः बरसाना, घेवरवन, दानगढ़, मानगढ, राधारानी मन्दिर, ललिता सखी मन्दिर, मोरकुटी, (दोपहर का भोजन धर्मशाला में)। सायंकाल, इस्कॉन टैम्पल, वैष्णो देवी, अक्षय पात्र। |
| आठवां दिन | नन्दगाँव, नन्द महल, चरण पहाडी, आशेश्वर महादेव, टेर कदम, संकेत वन, कोकिला वन, गौ चरण लीला, चरण चिन्ह, पावन सरोवर, जाववट, किशोरी कुंड, जय कुंड, कालिया नाग दमन, ब्रह्मकुंड (दोपहर में लन्च पैक) टेर कुण्ड, चरण गंगा, शेख संया विष्णु दर्शन। |
| नवां दिन | खेलनवन, विहारवन, एचादाऊजी, अक्षय वट, असली चीर घाट, कात्यायिनी देवी, कच्छ वन बिहारी दर्शन (दोपहर का भोजन धर्मशाला)। |
| दसवां दिन | यमुना पूजन (वृन्दावन) एवं वृन्दावन धाम की सामुहिक परिक्रमा यात्रापूर्ण संकल्प (यात्रा सम्पन्न) एवं दोपहर भोजन के बाद स्वधाम प्रस्थान। |

<u>यात्रा किराया</u> : रात्रि विश्राम आश्रम/गेस्ट हाउस वृन्दावन में (तीन/चार बैड के अटैच लैट-बाथरूम कमरों में), चाय, नाश्ता, भोजन, पीने के लिए RO पानी/बोतल, घुमाने के लिए छोटी गाड़ी सहित किराया ₹**14,000/-** रूपया प्रति यात्री होगा। एडवांस बुकिंग हेतु ₹**1,001/-** प्रति यात्री नगद अथवा ऑनलाइन 'श्री शिव शंकर तीर्थ यात्रा' ऋषिकेश के **S.B.I** बैंक खाते में या हमारी किसी भी अधिकृत बुकिंग एजेन्सी पर जमा करवा दें। बकाया किराया वृन्दावन पहुँचने पर संस्था द्वारा लिया जायेगा। हमारी यात्रा वृन्दावन से शुरू होकर वृन्दावन पर सम्पन्न होगी। यात्री अपनी सुविधानुसार वृन्दावन/ मथुरा स्टेशन पहुंचेगे। यात्री श्यामाश्याम आश्रम, टेम्पो स्टैंड, पानी की टंकी के सामने, निकट रोडवेज बस स्टैड, वृन्दावन में पहुंचेगे।

# राजस्थान भ्रमण यात्रा

## 2x2 पुशबैक A/C बस द्वारा

**यात्रा प्रारम्भः 25 मार्च 2023**

**यात्रा समयः 14 दिन**




| दिन | स्थान | दर्शनीय स्थल |
|---|---|---|
| पहला दिन | दिल्ली | दिल्ली से शुभ प्रस्थान। (रात्रि विश्राम जयपुर) |
| दूसरा दिन | जयपुर | जलमहल, आमेर का किला, गोविन्द देव मंदिर, मोती डूँगरी गणेश मंदिर, बिडला मंदिर (रात्रि विश्राम जयपुर) |
| तीसरा दिन | मेहेंदिपुर | मेहेंदिपुर बालाजी, सीता राम मंदिर, यज्ञशाला (रात्रि विश्राम जयपुर) |
| चौथा दिन | खाटूश्याम | खाटू श्याम बाबा के दर्शन, झुन्झुनू में रानी सती दादी दर्शन करते हुए सालासर के लिए प्रस्थान (रात्रि विश्राम सालासर) |
| पांचवां दिन | सालासर | सालासर बालाजी दर्शन, दोपहर भोजन करने के बाद करणी माता दर्शन करते हुए सालासर के लिए प्रस्थान (रात्रि विश्राम बीकानेर) |
| छठवां दिन | बीकानेर | बीकानेर-जूनागढ़ किला, दोपहर भोजन के बाद जैसलमेर के लिए प्रस्थान, रामदेवरा दर्शन (रात्रि विश्राम जैसलमेर) |
| सातवां दिन | जैसलमेर | जैसलमेर सोना किला, पटबौ की हवेली, नाथमल की हवेली तनोट देवी दर्शन, सनसेट (रात्रि विश्राम जैसलमेर) |
| आठवां दिन | जैसलमेर | सुबह जैसलमेर से प्रस्थान, जोधपुर आगमन (रात्रि विश्राम जोधपुर) |
| नवां दिन | जोधपुर | मेहरानगढ़ किला, उम्मेद भवन, दोपहर भोजन के बाद प्रस्थान (रात्रि विश्राम माउन्ट आबू रोड) |
| दसवां दिन | माउंट आबू | प्राकृतिक सौन्दर्य दर्शन, नक्कीलेक, सनसेट, ओम शांति भवन, दिलवाड़ा मंदिर, ब्रह्माकुमारी मंदिर, रघुनाथ मंदिर(रात्रि माउन्टआबूरोड) |
| ग्यारहवांदिन | उदयपुर | हल्दीघाटी, एक लिंगनाथ दर्शन, श्रीनाथ जी दर्शन (रात्रि विश्राम उदयपुर) |
| बारहवांदिन | उदयपुर | सिटी लेक पैलेस, जगदीश मंदिर, सहेलियों की बाड़ी, फ्तेहसागर (रात्रि उदयपुर) |
| तेरहवां दिन | चित्तौड़गढ़ | चित्तौड़ के लिए प्रस्थान सावलिया जी, चित्तौड़गढ़किला (रात्रि विश्राम पुष्कर) |
| चौदहवांदिन | पुष्कर | पुष्कर सरोवर स्नान, ब्रह्मामंदिर दर्शन, दोपहर भोजन के पश्चात् मधुर स्मृतियों के साथ जयपुर/दिल्ली में समापन। |

<u>यात्रा किराया</u> : होटल/गेस्ट हाउस (2/3 बैड के अटैच लेट-बाथ कमरे), चाय, नाश्ता, भोजन, पीने के लिए **R.O** पानी/बोतल, घुमाने के लिए A/C बसों सहित किराया ₹**29,000/-** रूपया प्रति यात्री होगा। एडवांस बुकिंग हेतु ₹**1,001/-** प्रति यात्री नगद अथवा ऑनलाइन 'श्री शिव शंकर तीर्थ यात्रा' ऋषिकेश के **S.B.I** बैंक खाते में या हमारी किसी भी अधिकृत बुकिंग एजेन्सी पर जमा करवा दें। बकाया किराया दिल्ली / जयपुर पहुँचने पर संस्था द्वारा लिया जायेगा।

नोटः-दिल्ली से जयपुर व वापस दिल्ली यात्रियों को स्लीपर क्लास ट्रेन द्वारा लाया व छोड़ा जायेगा।

# फ्लाईट द्वारा कामाख्या देवी, गंगटोक, दार्जिलिंग, चेरापूँजी यात्रा



**यात्रा प्रारम्भः 13 मार्च 2023**

**यात्रा समयः 10 दिन**

| दिन | स्थान | दर्शनीय स्थल |
|---|---|---|
| पहला दिन | दिल्ली | दिल्ली एअरपोर्ट से फ्लाईट द्वारा गोहाटी के लिए प्रस्थान (रात्रि गोहाटी में)। |
| दूसरा दिन | गुवाहाटी | कामाख्या देवी मन्दिर दर्शन, प्राकृतिक सौन्दर्यावलोकन करते हुए दोपहर बाद गुवाहाटी से शिलाँग के वास्ते बस द्वारा प्रस्थान। (रात्रि विश्राम शिलाँग में) |
| तीसरा दिन | चेरापूँजी | चेरापूँजी साईट सीन (शिलाँग से बस द्वारा, रात्रि विश्राम शिलाँग में)। |
| चौथा दिन | शिलाँग | प्राकृतिक सौन्दर्यावलोकन व शिलाँग साईट सीन। (दोपहर बाद शिलाँग से बस द्वारा गुवाहाटी व रेल से NJP के वास्ते प्रस्थान।) |
| पांचवा दिन | दार्जिलिंग | चिड़ियाघर, हिमालयन माउन्टेनियरिंग, तेनजिंग रॉक, जापानी मन्दिर, पीकपैगोडा, रिफ्यूजी सेन्टर, मैरी-टी गार्डन, सनराईज प्वांइट, टाईगर हिल, घूम मोनेस्ट्री। (न्यूजलपाईगुडी से सूमो द्वारा दार्जिलिंग के लिये प्रस्थान) (रात्रि विश्राम दार्जिलिंग में) |
| छठवां दिन | नामची | प्रसिद्ध सिद्धेश्वर धाम मन्दिर चारधाम मन्दिर दर्शन (रात्रि विश्राम गंगटोक) |
| सांतवा दिन | गंगटोक | वाटर फाल्स, बुद्धिस्ट मन्दिर, मोनेस्ट्री म्यूजियम, रोपवे, फूलों की प्रदर्शनी । (रात्रि विश्राम गंगटोक में) |
| आठवां दिन | नाथुलादर्रा | नाथुलादर्रा, नया बाबा हरनाम सिंह मन्दिर। (सूमा द्वारा व रात्रि विश्राम गंगटोक) |
| नवां दिन | न्यूजलपाईगुडी | छोटी बसे द्वारा न्यूजलपाईगुडी के लिए प्रस्थान (रात्रि विश्राम NJP में) |
| दसवां दिन | बागडोगरा | बागडोगरा से फ्लाईट द्वारा दिल्ली एअरपोर्ट के लिए प्रस्थान व यात्रा समापन। |


<u>यात्रा किराया</u> :- भोजन, चाय, नाश्ता, बस, होटल, 3 टियर A/C रिजर्वेशन, फ्लाईट (दिल्ली से गुवाहाटी व बागडोगरा से दिल्ली) द्वारा का किराया ₹39,000/- प्रति सवारी होगा। अग्रिम बुकिंग हेतु ₹5,000/- प्रति यात्री नगद अथवा ऑनलाइन 'श्री शिव शंकर तीर्थ यात्रा' ऋषिकेश के S.B.I बैंक खाते में जमा करवा दें। शेष धनराशि यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व ली जायेगी। नाथुलादर्रा के लिए वोटर आई. डी. लाना आवश्यक है। नाथुला पास चाईना बॉर्डर होने के कारण यहाँ मिलिट्री से परमिशन लेनी पडती है। यदि किसी कारणवश परमिशन नहीं मिलती है तो उसकी जगह झांगु लेक दिखाई जायेगी। कृपया किताब में दिए गए फ्लाईट यात्रा के नियम पेज न0 17 को ध्यान पूर्वक पढ़ कर ही सीट बुक कराये।

# हवाई जहाज द्वारा
# एक धाम रामेश्वरम्, पॉन्डिचेरी, मल्लिकार्जुन, त्रिवेन्द्रम यात्रा

**यात्रा प्रारम्भः 05 अप्रैल 2023**

**यात्रा समयः 13 दिन**

A/C बस द्वारा



| दिन | स्थान | दर्शनीय स्थल |
|---|---|---|
| पहला दिन | दिल्ली | दिल्ली से फ्लाईट द्वारा चेन्नई के लिए प्रस्थान (रात्रि विश्राम चेन्नई में)। |
| दूसरा दिन | चेन्नई | पार्थ सारथी मन्दिर, कपालेश्वर महादेव, मैरिना बीच, अन्ना स्वामी समाधि, क्रोकोडाइल पार्क। (रात्रि विश्राम चेन्नई में)। |
| तीसरा दिन | महाबलिपुरम् पॉन्डिचेरी | शोर मन्दिर, पांडव रथ, अरविन्द आश्रम, गांधी-रॉक-पैराडाइस बीच (तीसरा दिन रात्रि पॉन्डिचेरी, चौथा दिन रास्ते में व रात्रि रामेश्वरम् में)। |
| पांचवां दिन | रामेश्वरम् धाम | समुद्र स्नान, राम-सीता कुण्ड, राम झरोखा मन्दिर दर्शन, 22 कुण्ड स्नान, रामेश्वरम् ज्योर्तिलिंग, धनुषकोटि। (रात्रि रामेश्वरम् में) |
| छठा दिन | कन्याकुमारी | कन्याकुमारी मन्दिर दर्शन, सूर्य उदय अथवा सूर्य अस्त के दर्शन, हिन्द बंगाल, अरब तीनों समुद्रों का संगम स्नान, विवेकानन्द स्मारक। (रात्रि विश्राम कन्याकुमारी में) |
| सातवां दिन | त्रिवेन्द्रम | कोवलम बीच, म्यूज्यिम, तिरूवनन्तपुरम चिड़ियाघर, पद्मनाभम् मन्दिर। (रात्रि विश्राम कन्याकुमारी/मदुरई में)। |
| आठवां दिन | मदुरई | मीनाक्षी देवी मन्दिर, सुन्देरेश्वर महादेव दर्शन। (रात्रि विश्राम त्रिची) |
| नवां दिन | तिरुचिरापल्ली | श्री रंगनाथ मन्दिर, जम्बूकेश्वर। (रात्रि विश्राम त्रिची) |
| दसवां दिन | वेल्लूर | श्री लक्ष्मी नारायण मन्दिर (स्वर्ण मन्दिर)। (रात्रि तिरुपति में) |
| ग्यारहवां दिन | तिरुपति बालाजी | तिरुपति बाला जी (तिरुमला मन्दिर पहाड़ी पर स्थित है।) बस द्वारा। (ग्यारहवां दिन में रात्रि रेल से हैदराबाद के लिए प्रस्थान)। |
| बारहवां दिन | मल्लिकार्जुन | मल्लिकार्जुन ज्योर्तिलिंग दर्शन। (हेदराबाद से बस द्वारा) |
| तेरहवां दिन | दिल्ली | हैदराबाद से फ्लाईट द्वारा दिल्ली के लिए प्रस्थान व यात्रा समापन। |

यात्रा किराया :- भोजन, चाय, नाश्ता, A/C पुशबेक डीलक्स बस, A/C डबल बैड होटल रूम, 3 A/C रेल रिजर्वेशन, हवाई जहाज (दिल्ली से चेन्नई व वापसी हेदराबाद से दिल्ली) द्वारा का किराया ₹**40,000**/- प्रति सवारी होगा। अग्रिम बुकिंग हेतु ₹**5,000**/- प्रति यात्री नगद अथवा ऑनलाइन 'श्री शिव शंकर तीर्थ यात्रा' ऋषिकेश के **S.B.I** बैंक खाते में जमा करवा दें। शेष धनराशि यात्रा से पूर्व ली जायेगी। वातानुकूलित सुविधा केवल चलती बस में रहेगी पार्किंग में खड़ी बस में यह सुविधा नहीं होगी। तिरुपति सहर से तिरुपति मंदिर तक यात्रिओ को सरकारी बस सेवा से ले जाया जायेगा। कृपया किताब में दिए गए फ्लाईट यात्रा के नियम पेज न0 17 को ध्यान पूर्वक पढ़कर ही सीट बुक कराये।

# नेपाल काठमांडू, पोखरा, जगन्नाथपुरी, वाराणसी, यात्रा विवरणावली



## यात्रा प्रारम्भ: 14 मार्च 2023

## यात्रा समय: 16 दिन

| दिन | स्थान | दर्शनीय स्थल |
|---|---|---|
| पहला दिन | दिल्ली | दिल्ली से भुवनेश्वर शुभ प्रस्थान। (फ्लाइट द्वारा) |
| दूसरा दिन | कोणार्क | सुप्रसिद्ध सूर्य मन्दिर, महालिंगराज मन्दिर के दर्शन । |
| दूसरा दिन | जगन्नाथपुरी | जगन्नाथ मन्दिर, सिंहद्वार, अश्वद्वार, सागर स्नान, साक्षीगोपाल। (3एसी रेल द्वारा कोलकाता के लिए प्रस्थान) |
| तीसरा दिन | कोलकाता | गंगा स्नान, काली देवी मन्दिर, हावड़ा ब्रिज, विक्टोरिया मेमोरियल। (रात्रि विश्राम कोलकाता) |
| चौथा दिन<br>पांचवां दिन | गंगासागर | गंगा सागर महातीर्थ स्नान, कपिलदेव भगवान के दर्शन (रात्रि कोलकाता)<br>(3 एसी रेल द्वारा जयनगर के लिए प्रस्थान) |
| छठा दिन | जनकपुर | राममन्दिर, सीता विवाह स्थल (रात्रि जनकपुर) (सातवांदिनरास्तेमेंवविश्रामपोखरा) |
| आठवां दिन | पोखरा | पोखरा भ्रमण, विन्ध्यावासिनी मन्दिर, गुप्तेश्वर पातालेश्वर महादेव, देवेशफाल। (रात्रि विश्राम पोखरा) |
| नवां दिन | मनोकामना | मनोकामना मन्दिर रवाना एवं मनोकामना देवी दर्शन। (रात्रि काठमांडू) |
| दसवा दिन | काठमांडू | पशुपतिनाथ दर्शन, बागमति गंगा, स्वयंभू, बूढ़ा नीलकण्ठ दर्शन (रात्रि विश्राम काठमाण्डू) (ग्यारहवां दिन रास्ते में व विश्राम लुम्बिनी में) |
| बारहवां दिन | लुम्बिनी | लुम्बिनी साईट सीन, भगवान बुद्ध की जन्म स्थली। (रात्रि विश्रम अयोध्या) |
| तेरहवां दिन | अयोध्या | सरयू स्नान, रामजन्म भूमि, हनुमानगढ़ी, कनक भवन, सीता रसोई, मनीराम छावनी। (रात्रि विश्रम वाराणसी) |
| चौदहवां दिन | इलाहाबाद | त्रिवेणी संगम स्नान, अक्षयवट, पुराना किला, हनुमान मन्दिर (विश्रम वाराणसी) |
| पंद्रहवां दिन | वाराणसी | गंगास्नान, काशी विश्वनाथ ज्योर्तिलिंग दर्शन, अन्नपूर्णा मन्दिर, तुलसी मानस मन्दिर दर्शन। (रात्रि में 3 एसी रेल द्वारा दिल्ली के लिए प्रस्थान) |
| सोलहवां दिन | दिल्ली | प्रातः मधुर स्मृतियों के साथ यात्रा समापन। |

यात्रा किराया :- भोजन, चाय, नाश्ता, हवाई जहाज (दिल्ली से भुवनेश्वर), A/C पुशबेक डीलक्स बस, डबल बैड होटल रूम, 3 A/C रेल रिजर्वेशन द्वारा का किराया ₹44,000/- प्रति सवारी होगा। अग्रिम बुकिंग हेतु ₹ 5,000/- प्रति यात्री नगद अथवा ऑनलाइन 'श्री शिव शंकर तीर्थ यात्रा' ऋषिकेश के S.B.I बैंक खाते में जमा करवा दें। शेष धनराशि यात्रा से पूर्व ली जायेगी। नोट: मनोकामना रोप-वे का खर्चा स्वयं यात्री का होगा। कृपया किताब में दिए गए फ्लाईट यात्रा के नियम पेज न0 17 को ध्यान पूर्वक पढ़कर ही सीट बुक कराये।

## फ्लाईट द्वारा यात्रा के नियम व सुविधाऐं

1. यात्रियों के लिए यात्राकाल में सुबह की चाय, नाश्ता, दोपहर व रात्रि भोजन में एक दाल, एक सब्जी, चावल, रोटी का पूरा प्रबन्ध होगा। शाम को चाय दी जायेगी। दाल-चावल, रोटी में देशी घी का प्रयोग होगा। सब्जी व नाश्ते में रिफान्इड तेल का प्रयोग होगा। समय की उपलब्धता के आधार पर यात्रियों को पापड़ व अचार भी भोजन के साथ दिया जायेगा। प्याज-लहसुन का प्रयोग पूर्णतः वर्जित होगा। भोजन शुद्ध शाकाहारी सात्विक बनाया जायेगा। यात्रा के दौरान तवा चपाती बनायी जायेगी व समय की उपलब्धता के अनुसार पूड़ी, पराठें व खिचड़ी भी बनायी जायेगी तथा यात्रा में समय अनुसार लंच पैकेट भी दिया जाएगा।
2. रात्रि विश्राम के लिए होटल का प्रबन्ध समस्त यात्रियों के लिए 2/3 बैड के अटैच लैट-बाथरूम कमरों में किया जाएगा। यात्री अपने साथ असली फोटो पहचान पत्र (आधार कार्ड, वोटर आई. डी.), कोविड वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट व 3 पासपोर्ट साईज फोटो अवश्य साथ लावे । <u>दर्शनीय स्थलों का प्रवेश शुल्क यात्रियों द्वारा वहन किया जायेगा।</u>
3. फ्लाइट मे यात्रि अपने पावर बैंक को हैंड बैग में ही रखे । कैंची, नेल कटर, चाकू आदि तरह का सामान फ्लाइट में ना लेकर जाये। यात्रा में फ्लाइट के नियम के अनुसार प्रत्येक यात्री अपने साथ 15 किलो तक का एक सूटकेस या बैग जोकि चेक इन बैगेज में जायेगा और 7 किलो तक का एक बैग हैंड बैगेज में लेके जा सकते हैं।
4. प्रत्येक यात्रियों के फ्लाइट के बोर्डिंग पास फ्लाइट में बैठने के 12 घंटे के अन्दर यात्री के मोबाइल पर व्हाट्सएप द्वारा भेज दिए जाएगा। फ्लाइट और रेल का नियमों का पालन अवस्य करें। यात्री अपने प्लेन की टिकट पर दिया गए टर्मिनल पर फ्लाइट उड़ने के समय से 3 घंटा पूर्व डिपार्चर गेट के सामने संस्था के प्रतिनिधि से मिले।
5. यात्रा बुक होने के बाद यात्री अपनी सीट कैंसिल करवाता है तो अग्रिम धनराशि वापिस नहीं की जायेगी। हवाई जहाज की सुविधा उड़ान की स्थिति पर निर्भर करेगी।

### <u>यात्रियों को निम्नलिखित नियमों का पालन करना अनिवार्य है।</u>

- यात्रा काल के दौरान आर्थिक, शारीरिक क्षति एवं यात्री के सामान की जिम्मेदारी यात्री की स्वयं की होगी। व्यवस्थापक यात्रियों के नुकसान का जिम्मेदार नहीं होगा।
- यदि कोई यात्री किन्हीं कारणवश अथवा अस्वस्थ होने की वजह से अपनी यात्रा अधूरी छोड़कर घर वापिस आना चाहेगा तो उस अवस्था में यात्री को व्यवस्थापक की तरफ से केवल घर तक पहुंचाने हेतु रेलवे का थ्री टायर स्लीपर क्लास का टिकिट ही दिया जायेगा। किराया वापसी किसी भी अवस्था में देय नहीं होगा। यह व्यवस्था केवल यात्रा समाप्ति के 5 दिन पूर्व तक लागू होगी।
- यात्रा में फ्लाइट लेट होने / बस खराब होने/ मौसम खराब होने/साप्ताहिक अवकाश/ बन्द/ रैली आदि के कारण सें किसी स्थान पर दर्शन ना होने पर संस्था/ व्यवस्थापक द्वारा कार्यक्रम में जो भी बदलाव किया जायेगा, यात्रियों से निवेदन है कि परिस्थतियों को समझते हुए उसमें अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें।
- यात्रा काल में मैनेजर यात्रियों को अधिक से अधिक सुविधा देने की कोशिश करेंगे परन्तु फिर भी यात्रा के दौरान थोड़ी असुविधा होना स्वाभाविक है। उस समय 'परदेश नरेश कलेशन' की कहावत के अनुसार तपस्या की भावना से उसे सहन करें व व्यवस्थापक को पूर्ण सहयोग प्रदान करें।

# स्पेशल रेल द्वारा यात्रा की सुविधाऐं।

*घूमने के लिए बसों की व्यवस्था :* ❑ चिन्हित स्थानों पर बसों की व्यवस्था संस्था के द्वारा होगी। यह बस यात्रियों को रेलवे स्टेशन से मन्दिर तक ले जायेगी तथा वहां से घुमाकर वापिस स्टेशन पर लायेगी। जिन स्थानों पर ❑ का निशान नहीं है वहाँ पर मन्दिरों की स्टेशन से दूरी नगण्य है इसलिए यात्री (स्वयं के खर्च से) पैदल अथवा रिक्शे से वहाँ जा सकते हैं। इस प्रकार यात्रियों को पैदल बहुत कम चलना पड़ेगा।

*भोजन एवं चाय नाश्ता:* यात्रियों के लिए यात्रा काल में सुबह की बेड टी, चाय-नाश्ता व दोपहर एवं रात्रि भोजन। भोजन में एक दाल, एक सब्जी, चावल, रोटी का पूरा प्रबन्ध होगा। शाम को चाय दी जायेगी। रोटी, दाल एवं चावल में देशी घी का प्रयोग होगा एवं नाश्ता, सब्जी एवं पूरी में रिफाइण्ड का प्रयोग होगा। चावल बासमती दोनों समय बनाया जायेगा। समय की उपलब्धता के आधार पर यात्रियों को अचार, पापड़, मीठा, सलाद भी भोजन के साथ दिया जायेगा। प्याज व लहसुन का प्रयोग वर्जित होगा। भोजन, लकड़ी के चूल्हे में शुद्ध शाकाहारी बनाया जायेगा। दोपहर एवं रात्रि को खाने के साथ एक-एक मिनरल वाटर की बोतल यात्रियों को दी जायेगी ।

*आवश्यक सामान :* यात्री अपने साथ दो पासपोर्ट साइज फोटो, कोविड वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट, वोटर कार्ड, आधार कार्ड की फोटो कापी व ऑरिजनल साथ में अवश्य लावें। कृपया प्रत्येक यात्री अपने साथ में एक गिलास, एक चम्मच, प्लास्टिक की बाल्टी, मग्गा, एक प्लास्टिक की सीट (3x3 फुट का) कपड़े धोने व नहाने के वास्ते, एक प्लास्टिक की रस्सी कपड़े सुखाने हेतु, बिस्तर (मौसम के अनुसार) अवश्य लायें।

*सुरक्षा:* यात्रियों के सामान की सुरक्षा हेतु, ट्रेन में चाय, नाश्ता, भोजन बनाने व घुमाने के लिए पर्याप्त व्यक्तियों का प्रबन्ध समिति द्वारा रहेगा। कोई भी यात्री सोने व चांदी के जेवर पहनकर न आये। यात्राकाल के दौरान आर्थिक, शारीरिक क्षति एवं यात्री के सामान की जिम्मेदारी यात्री की स्वयं की होगी। व्यवस्थापक यात्रियों के नुकसान का जिम्मेदार नहीं होगा।

शयन सुविधा : रेल यात्रा में प्रत्येक यात्री को सोने के लिए पूरी बर्थ की व्यवस्था होगी। कम्पार्टमेन्ट में कोई तख्ता सीटों के बीच में नहीं लगाया जायेगा। प्रत्येक डिब्बा थ्री टायर स्लीपर क्लास होगा। यात्री ट्रेन यात्रा हेतु अपने साथ (मौसम अनुसार) बिस्तर लायें। जहां पर ट्रेन नही होगी वहां यात्रियों के रात में ठहरने की व्यवस्था (गेस्ट हाउस/होटल) में समिति द्वारा की जायेगी।

*सामान्य चिकित्सा एवं मोबाइल चार्जिंग सुविधा:* हमारी यात्रा में केवल सामान्य चिकित्सा की ही व्यवस्था होगी। जो यात्री नियमित रूप से दवाई लेते हैं वे यात्री यात्रा प्रोग्राम के दिनो के अनुसार कृपया अपनी दवाईयां साथ में लावे। यात्रा काल में यात्री को आवश्यकता पड़ने पर यात्री के खर्चे पर अस्पताल/डाक्टर की व्यवस्था संस्था करायेगी। यात्रा काल में आकस्मिक दुर्घटना व प्राकृतिक आपदा से क्षतिपूर्ति के लिये यात्री स्वयं जिम्मेदार होगे। प्रत्येक डिब्बे के प्रत्येक केबिन में मोबाइल चार्ज हेतु बोर्ड लगा होंगा परन्तु मोबाइल सुरक्षा की जिम्मेदारी यात्री की स्वयं की होगी ।

*वृद्धजन व अकेली महिला:* हमारी यात्रा में अकेले वृद्धजन व महिलाएं भी आराम से यात्रा कर सकती हैं। क्योंकि यात्रा का माहौल घर-परिवार जैसा ही रहता है जिस कारण अकेलापन महसूस नहीं होगा।

*L.T.C./L.F.C.:* इसकी सुविधा प्राप्त करने वाले यात्रियों को यात्रा की रसीद, यात्रा का प्रमाण पत्र व रेलवे द्वारा यात्रा प्रोग्राम की कॉपी उपलब्ध करायेंगे परन्तु एल.टी.सी. दिलाने की जिम्मेदारी संस्था की नही होगी।

*यात्रा किराया:* यात्रियों को चाहिए कि प्रत्येक यात्री अपनी बकाया धनराशि देने के वास्ते अपने साथ नकद रूपया अथवा किसी भी बैंक का ड्राफ्ट/ चैक "श्री शिवशंकर तीर्थ यात्रा (रजि0)" के नाम पर ऋषिकेश शाखा का बनवाकर साथ में लावें।

## यात्रियों को निम्नलिखित नियमों का पालन करना अनिवार्य है।

1. रेलवे विभाग द्वारा स्पेशल यात्रा के वास्ते जो भी नियम बनाये गये हैं (सामान के वास्ते व रेलवे टाईम टेबिल के वास्ते) उनका पूर्ण रूप से यात्रियों को पालन करना अनिवार्य होगा। प्रत्येक विवाद का न्यायक्षेत्र केवल ऋषिकेश (देहरादून) होगा। उपभोक्ता समिति के अन्तर्गत आने वाले विवाद का भी न्यायक्षेत्र ऋषिकेश (देहरादून) ही होगा।
2. यात्रियों से अनुरोध है कि अपनी बुकिंग कराने के पश्चात् हैड ऑफिस में अवश्य सूचना दें ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि होने की संभावना ना हो। यात्री सीट बुक कराते समय संस्थापक स्व0 लाला शिवचरण लाल अग्रवाल का नाम, फोटो एवं यात्रा संस्था का नाम सावधानी पूर्वक पढ़कर ही सीट बुक करवायें।
3. प्रत्येक यात्री टाईम टेबल के अनुसार चलने को बाध्य होंगे, यदि किसी कारणवश कोई ग्रुप से अलग होता है तो अगले स्टेशन/गन्तव्य पर यात्री अपने खर्चे पर पहुचेगें।
4. संक्रमक रोगी, मादक पदार्थों का सेवन करने वाले अथवा झगडालू यात्री को यात्रा से पृथक करने का पूर्ण अधिकार व्यवस्थापक का होगा।
5. यदि कोई यात्री किन्हीं कारणवश अथवा अस्वस्थ होने की वजह से अपनी यात्रा अधूरी छोड़कर घर वापिस आना चाहेगा तो उस अवस्था में यात्री को व्यवस्थापक की तरफ से केवल घर तक पहुंचाने हेतु रेलवे का थ्री टायर स्लीपर क्लास टिकिट ही दिया जायेगा। किराया वापसी किसी भी अवस्था में देय नहीं होगा। यह व्यवस्था केवल यात्रा समाप्ति के 5 दिन पूर्व तक लागू होगी।
6. यात्रा में ट्रेन की उपलब्धता, समय के आधार पर निर्भर होती है अतः रेल के देर से पहुँचने, फ्लाइट लेट होने / बस खराब होने/ रेलवे द्वारा बदलाव/ मौसम खराब होने/साप्ताहिक अवकाश/ बन्द/ रैली आदि के कारण सें किसी स्थान पर दर्शन ना होने पर संस्था/ व्यवस्थापक द्वारा कार्यक्रम में जो भी बदलाव किया जायेगा, यात्रियों से निवेदन है कि परिस्थितियों को समझते हुए उसमें अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें।
7. यात्रा काल में मैनेजर यात्रियों को अधिक से अधिक सुविधा देने की कोशिश करेंगे परन्तु फिर भी यात्रा के दौरान थोड़ी असुविधा होना स्वाभाविक है। उस समय 'परदेश नरेश कलेशन' की कहावत के अनुसार तपस्या की भावना से उसे सहन करें व व्यवस्थापक को पूर्ण सहयोग प्रदान करें। मुद्रण में किसी भी प्रकार की त्रुटि के वास्ते क्षमा करें।
8. <u>यात्रा रद्द करने के नियमः</u>- यदि कोई यात्री अपनी सीट बुक कराकर किसी भी कारणवश सीट कैंसिल करवाना चाहे तो यात्रा की रवानगी की तारीख को छोड़कर उससे 12 दिन पूर्व तक लिखित सूचना देने पर सीट कैंसिल कर अग्रिम धनराशि (रेलवे रिर्जवेशन का कैंसिलेशन शुल्क काटकर) वापिस कर दी जायेगी। रवानगी की तारीख को छोड़कर उससे 12 दिन पूर्व तक लिखित सूचना प्राप्त नहीं होने पर अग्रिम धनराशि वापिस नहीं की जायेगी। यदि बुकिंग यात्रा दिनांक को छोड़कर अन्तिम 12 दिनों में ही की गई है और यात्री अपनी सीट केन्सिल करवाता है तो अग्रिम धनराशि वापिस नही की जायेगी। यदि यात्रा दिनांक का छोड़कर 5 दिन पूर्व तक यात्री द्वारा यात्रा निरस्त की जाती है तो उस स्थिति में यात्री से यात्रा का सम्पूर्ण किराया लेने का कानूनी रूप से अधिकार संस्था को होगा। इसमें किसी भी प्रकार की रियायत नही होगी।